भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 830

29 नवम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान

830. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दक्षिण दिल्ली में गौतमपुरी पुनर्वास कॉलोनी के निकट स्थापित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में कुल कितने बिस्तर हैं तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ख) क्या उक्त संस्थान में एलोपैथिक उपचार की सुविधा है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का विस्तार करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त शासी संस्थान है तथा शैक्षणिक प्रयोजन हेतु यह दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में 200 बिस्तर हैं तथा इसकी कुल लागत 137.00 करोड़ रू. है।

(ख): जी हां, एकीकृत चिकित्सा सेवाएं (आयुर्वेद तथा एलोपैथिक) के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली में निम्नलिखित एककों में एलोपैथिक उपचार उपलब्ध है-

1. सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव डेन्टिस्ट्री
2. सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव क्रिटिकल केयर एंड इमरजेंसी मेडिसिन
3. सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव आर्थोपेडिक्स
4. सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव डाइटेटिक्स एंड न्यूट्रीशन
5. केजुएलिटी ओपीडी सेक्शन

(ग) और (घ): जी हां, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 29.10.2024 को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली फेज-II का उद्घाटन किया गया था। आवासन और शहरी विकास मंत्रालय (एमओएचयूए) ने फेज-III के अधीन एआईआईए, नई दिल्ली के विस्तार हेतु 12 एकड़ की भूमि आवंटित की है।

*****